# दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
## पुनरावृत्ति पत्रिका (अर्धवार्षिक परीक्षा)
सत्र ( 2018–19)

कक्षाः तीसरी　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　विषयः हिन्दी

उपविषयः– पाठ–4: सोने का लालच, पाठ–5: सोनाली का पत्र, पाठ–6: बूँद–बूँद बचाओ, पाठ–8: ऐसा क्यों होता है? (कविता), व्याकरणः वचन, सर्वनाम, विलोम, विशेषण, संज्ञा, अपठित गद्यांश, चित्र कथा, अनुच्छेद लेखन, चित्र वर्णन, पठित गद्यांश

**प्र01 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें:–**

नेहा और मानव जुड़वा भाई–बहन थे। दोनों एक ही विद्यालय और एक ही कक्षा में पढ़ते थे। किसी को भी विश्वास नहीं होता था कि वे सचमुच में भाई–बहन हैं। शक्ल–सूरत में एक से पर स्वभाव में बिलकुल उलटे। दोनों एक दूसरे से बहुत प्यार करते थे। दोनों ही पढ़ाई–लिखाई और दूसरों की सेवा करने में आगे रहते थे। मानव में एक कमी थी कि वह जिद्दी था। उसे बाहर की खाने–पीने की चीज़ों का बहुत शौक था। उसे घर में सब समझाते थे कि बाहर का खाना सेहत के लिए हानिकारक होता है लेकिन वह किसी की भी सुनता नहीं था। एक दिन मानव बीमार हो गया। उसे लेकर डॉक्टर के पास गए। डॉक्टर ने उसे दवाई दी और समझाया कि बाहर का खाना शरीर के लिए अच्छा नहीं है।इसके बाद मानव ने बाहर का खाना –पीना छोड़ दिया।

**क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:–**

1) नेहा और मानव किन–किन चीज़ों में आगे रहते थे?

2) मानव को क्या शौक था?

**ख) सही विकल्प चुनकर लिखें:–**

1) नेहा और मानव कहाँ पढ़ते थे?

क) एक ही कक्षा में　　ख) अलग–अलग कक्षा में

2) बाहर का खाना सेहत के लिए कैसा होता है?

क) लाभदायक　　ख) हानिकारक

**ग) निम्न दिए गए शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखें:–**

| शब्द | | अर्थ | | |
|---|---|---|---|---|
| 1) विद्यालय | – | पाठशाला | घर | दुकान |
| 2) विश्वास | – | फल | यकीन | कोशिश |

**घ) निम्न दिए गए वाक्यों में सही/गलत का निशान लगाएँ:–**

1) दोनों के स्वभाव एक जैसे थे। (　)

2) नेहा और मानव भाई–बहन थे। (　)

**प्र02 निम्न दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक समझते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखें:–**



1) माताजी क्या कर रही हैं?
2) पिताजी क्या पढ़ रहे हैं?
3) लड़की किसके साथ खेल रही है?
4) लड़का किस पर बैठा है?

ख) सही विकल्प चुनकर लिखें:–

1) मेज़ का आकार कैसा है?
क) गोल ख) चौकोर ग) सीधा
2) कोने में क्या पड़ा है?
क) खिलौना ख) फूलदान ग) डिब्बा
3) लड़की ने कितनी चोटियाँ बनाई हैं?
क) एक ख) दो ग) तीन

**पाठ से संबंधित**

**प्र03 निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें:–**

सुबह का समय था। अमन बिस्तर से उठा और नल खोलकर मंजन करने लगा। वह काफ़ी देर से मंजन कर रहा था, लेकिन फिर भी उसने नल बंद नहीं किया। देखते ही देखते टंकी का सारा पानी खत्म हो गया। जब पानी से कुल्ला करने का समय आया, तो नल से पानी ही नहीं आया तब वह दादाजी के पास गया। दादा जी, नल में पानी नहीं आ रहा। अब क्या करूँ? मुझे तो स्कूल के लिए देर हो रही है।

क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें:–
1) अमन बिस्तर से कब उठा और क्या करने लगा?
2) टंकी का पानी खत्म क्यों हो गया और तब अमन किसके पास गया?

ख) निम्न दिए गए वाक्य में सही/गलत लिखें:–
1) अमन बिस्तर से उठकर नहाने लगा।( )

**प्र04 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:–**

क) दादा जी ने किस बात का ध्यान रखने के लिए कहा?
ख) गाँव में सोनाली को किसकी याद आती है?
ग) अंत में राजा ने अपने सोने के भंडार को किसमें लगा दिया?
घ) जब अमन दादाजी के पास गया तो दादा जी ने उसे क्या कहा?

**प्र05 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ:–**

क) पछताना – ग) देवदूत –
ख) एहसास – घ) आनंद –

**प्र06 रिक्त स्थान भरो:–**

क) मुझे तो .................... के लिए देर हो रही है।
ख) .................... मनुष्य को अंधा बना देता है।
ग) आजकल गाँव में .................... बन रहा है।
घ) राजा मिदास .................... रोने लगा।

**प्र07 सही विकल्प चुनकर लिखें:–**

क) राजा मिदास खुशी से कब झूम उठा?
1) जब उसने अपनी बेटी को देखा 2) जब उसने बहुत सारा सोना देखा
ख) सोनाली कहाँ से पत्र लिख रही है?

1) नंद गाँव  2) नंद वन

प्र08 निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूरी करें:–

क) क्या दोनों आपस में लड़ते,

..............................................

..............................................

यह धरती है बड़ा–सा गोला।

प्र09 निम्नलिखित वाक्य किसने कहे:–

क) जितना आवश्यक हो उतना ही पानी लो।

ख) तुम्हें अपनी गलती का एहसास हो गया है।

प्र010 निम्न दिए गए वाक्यों में सही/गलत लिखें:–

क) गाँव में सोनाली को अपनी सहेलियों की बिल्कुल याद नहीं आई। ( )

ख) पानी को सोच समझकर खर्च करो। ( )

## व्याकरण

प्र011 निम्नलिखित वाक्यों में उचित संज्ञा शब्द भरें:–

क) मेरे देश का नाम .................... है।

ख) यह दादाजी का .................... है।

ग) फूल पर .................... बैठी है।

प्र012 निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्द चुनकर लिखें:–

क) बगीचे में बहुत पेड़–पौधे हैं।

ख) मधु टी.वी. देख रही है।

प्र013 निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्द लिखकर वाक्य पूरे करें:–

क) .................... सारा काम कर लिया है।

ख) .................... पढ़ रहा है।

ग) .................... खाना खा रहे हैं।

प्र014 कोष्ठक में से सही सर्वनाम शब्द चुनकर वाक्य पूरा करें:–

क) यह घर .................... है। (मेरा/मुझे)

ख) .................... बहुत अच्छे हैं। (वह/आप)

प्र015 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्द का वचन बदलकर वाक्य दोबारा लिखें:–

क) <u>तारा</u> चमक रहा है।

ख) <u>चिड़िया</u> दाना चुग रही है।

प्र016 कोष्ठक में दिए गए शब्द का वचन बदलकर वाक्य पूरे करें:–

क) राहुल ने .................... खा ली है। (मिठाइयाँ)

ख) पेड के सारे .................... झड़ गए। (पत्ता)

ग) .................... साफ़ हैं। (कमरा)

प्र017 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्द का विलोम बदलकर वाक्य पूरे करें:–

क) पत्थर <u>भारी</u> है लेकिन पत्ता .................... है।

ख) भिखारी .................... है और सेठ <u>अमीर</u> है।

प्र018 कोष्ठक में दिए शब्द के विलोम शब्द रिक्त स्थान में भरें:–

क) गुलाब से .................... आती है। (बदबू)

ख) हमें हमेशा .................... बोलना चाहिए। (झूठ)

ग) गाँव में .................... घर होते हैं। (पक्के)

**प्र019 निम्नलिखित वाक्यों में उचित विशेषण शब्द भरें:–**

क) तोते की चोंच .................... है।

ख) गरमी में .................... पानी अच्छा लगता है।

ग) .................... आदमी सड़क पार कर रहा है।

**प्र020 कोष्ठक में से सही विशेषण शब्द चुनकर वाक्य पूरे करें:–**


क) हमारे घर .................... दूध आता है। (दो लीटर/दो)

ख) इमली .................... है। (नीली/खट्टी)

**प्र021 'चिड़िया घर की सैर' पर एक अनुच्छेद लिखें (शब्द सीमा 60–70):–**

सहायक सूची:– चिड़िया घर , पशु–पक्षियों, कल, माता–पिता, बड़े–बडे, सुंदर, मोर, पंख, फैलाकर हाथी, सूँड़, पानी, शेर, पिंजरे, लोग, घूम, जानवरों, खाने की चीज़ें, स्वच्छ, इधर–उधर, गंद, फैलाना, मज़ा, खाना

**प्र022 निम्न दिए गए चित्र को ध्यान पूर्वक देखकर उसका वर्णन अपने शब्दों में करें:–**



**सहायक सूची**:–सरकस, बहुत, लोग, पशु–पक्षी, लड़के–लड़कियाँ, करतब, तीन, हाथी, सूँड़ आगे के पैरों प्रणाम, लड़की, रस्सी, भालू, मेज़, तोते, साइकिल, ऊँचे, झूले खुश, तालियाँ